NBT
नवभारत टाइम्स
नई दिल्ली > शुक्रवार, 9 जनवरी 2015 > पौष 19 शक 1936 > माघ कृष्ण 4 विक्रम 2071 पेज 20* > मूल्य 4.50 रु. या 8.50 रु.

# कॉमन पॉइंट वाले ज्यादा, फैसला ड्रॉ से

## ज्यादा डिस्टेंस वाले भी कर रहे हैं अप्लाई

टेंशन की NURSERY

विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

मिशन नर्सरी की रेस में कॉमन पॉइंट पाने वाले स्टूडेंट्स की संख्या में इजाफा हो सकता है। मौजूदा सेशन में हर स्कूल ने नर्सरी के लिए अपना एडमिशन क्राइटेरिया बनाया है और स्कूलों में 10 से 20 किमी की दूरी पर रहने वाले पैरंट्स भी अप्लाई कर रहे हैं। ऐसे में कॉमन पॉइंट पाने वाले बच्चे ज्यादा होंगे।

जानकारों का कहना है कि इस बार भी ज्यादातर स्कूलों में कुछ सीटों के लिए तो ड्रॉ जरूर करने होंगे। जनरल कैटिगरी में भी ड्रॉ होंगे। कुछ स्कूलों ने एडमिशन क्राइटेरिया ऐसा बनाया है कि सीटों का फैसला ड्रॉ से होगा। कई स्कूलों ने सिबलिंग, एलुमनी कैटिगरी की सीटें फिक्स की हैं और उन सीटों पर फैसला ड्रॉ से होगा।

स्कूलों में इस बार रेकॉर्ड ऐप्लिकेशन आ रही हैं। एक अनुमान के मुताबिक 150 से 200 ऐसे स्कूल हैं, जहां पर सबसे ज्यादा ऐप्लिकेशन आती हैं। ऐसे पैरंट्स की कमी नहीं है, जो 20 से 30 स्कूलों में भी अप्लाई कर रहे हैं। ऑल इंडिया पैरंट्स असोसिएशन के प्रेजिडेंट एडवोकेट अशोक अग्रवाल का कहना है कि स्कूलों के मनमाने क्राइटेरिया के चलते पैरंट्स कन्फ्यूजन में हैं और वे ज्यादा से ज्यादा स्कूलों में अप्लाई कर रहे हैं। एजुकेशन हेल्प डॉट इन फोरम के डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह का कहना है कि वैसे तो हर साल ही पैरंट्स कम से कम 10 स्कूलों में अप्लाई करते हैं लेकिन इस बार यह आंकड़ा 15 से 20 स्कूलों तक भी पहुंच रहा है।

डीपीएस की अलग-अलग ब्रांचों में इस बार रेकॉर्ड ऐप्लिकेशन आ रही हैं। बाल भारती पब्लिक स्कूल (जीआरएच) मार्ग में 3 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो गए हैं। स्प्रिंगडेल्स स्कूल में यह आंकड़ा चार हजार तक जा पहुंचा है। रोहिणी व द्वारका के स्कूलों में भी काफी ऐप्लिकेशन आ रही हैं। माउंट आबू पब्लिक स्कूल में डेढ़ हजार से ज्यादा ऐप्लिकेशन आ गई हैं। एम. एम. पब्लिक स्कूल पीतमपुरा में भी इस बार पिछले साल से ज्यादा ऐप्लिकेशन आ गई हैं, यहां पर एक हजार से ज्यादा ऐप्लिकेशन हैं। डीएवी स्कूलों में भी काफी ऐप्लिकेशन आ रही हैं।

नर्सरी एडमिशन से जुड़े सवाल आप हमसे पूछ सकते हैं। हम एक्सपर्ट्स से आपके सवालों के जवाब लेकर उसे अगले दिन के अंक में छापेंगे।

अपने सवाल हमें भेजें
**nbtdilli@gmail.com**
और सब्जेक्ट में लिखें **Nursery**